1991. the next revision can be effected only on or after 01.08.1994. Government have constituted a Study Group to consider the case for revision in rates of royalty. The concerned of Governments have already placed their points of view before the said Study Group.

**कोल इंडिया लि० द्वारा परियोजनाओं का विकास किये जाने हेतु स्वीकृति**

6260. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:**

**श्री राम जेठमलानी:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भूमिगत खानों से संबंधित 167 परियोजनाओं के विकास हेतु कोल इंडिया लि० और उसकी सहायक कम्पनियों को स्वीकृति प्रदान की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो यह स्वीकृति कब दी गई थी और इन परियोजनाओं के विकास हेतु अनुमानतः कितनी धनराशि अपेक्षित थी और क्या यह धनराशि भी आवंटित की गई थी ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इन परियोजनाओं का विकास कार्य मार्च, 1994 तक भी आरम्भ नहीं हुआ था ; और

(ङ) यदि नहीं, तो ऐसी परियोजनाओं की संख्या अलग-अलग कितनी-कितनी है जिनमें उत्पादन शुरू हो गया है, जो निर्माणाधीन हैं और जिनमें विकास कार्य अभी तक आरम्भ नहीं किया गया है और सभी परियोजनाओं में किस तारीख तक उत्पादन आरम्भ करने का लक्ष्य रखा गया है ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) से (ग) 2 करोड़ रु० अथवा इससे अधिक लागत की 166 भूमिगत परियोजनायें राष्ट्रीयकरण के बाद तथा 31-3-1994 तक कोल इंडिया लि० तथा इसकी सहायक कम्पनियों में 3631.89 करोड़ रु० के कुल स्वीकृत पूंजीगत परिव्यय सहित कार्यान्वियन के लिये अनुमोदित हुई है।

इन परियोजनाओं पर निधियों का नियतन कार्यान्वियन की स्थिति तथा संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुये वार्षिक योजना प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है। दिसम्बर, 1993 तक इन परियोजनाओं पर संचयी व्यय 2286.10 करोड़ रु० की राशि का था।

(घ) और (ङ) इन सभी परियोजनाओं में विकास कार्य आरम्भ कर दिया गया है। 140 परियोजनाओं में कोयला उत्पादन पहले ही आरम्भ हो गया है। शेष 26 परियोजनाओं में से 16 में आठवीं योजनावधि की शेष अवधि में कोयले का उत्पादन होने की संभावना है तथा 10 में 9वीं योजना अवधि के दौरान उत्पादन होने की संभावना है।

**उत्तर प्रदेश में कोयले की कमी**

6261. **श्री ईश दत्त यादव :**

**चौधरी हरमोहन सिंह :**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में कोयले की भारी कमी ;है

(ख) यदि हां, तो इस राज्य को कोयले की कितनी मात्रा आवंटित की गई है और राज्य के आदिवासी क्षेत्रों को इसका कितने प्रतिशत कोयला आवंटित किया गया है ; और